**आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक : 14.12.2024** **समय : 07.10pm**

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज शहडोल जिले के ब्यौहारी में सरसी आइलैंड रिसॉर्ट का किया लोकार्पण ।
- प्रदेश की सोलहवीं विधानसभा का चौथा सत्र सोमवार 16 दिसंबर से शुरु होगा।
- प्रदेश के विभिन्न जिलों में लोक अदालतों का हुआ आयोजन ।
- ग्वालियर में तानसेन समारोह शुरु, भारतीय शास्त्रीय संगीत की होगीं प्रस्तुतियां ।

**समाचार विस्तार सेः–**

**<u>मुख्यमंत्री उदघाटन</u>**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज शहडोल जिले के ब्यौहारी में पर्यटन विभाग द्वारा बाणसागर डैम के बैक वॉटर पर बनाए गए सरसी आइलैंड रिसॉर्ट का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह आइलैंड पर्यटन के वैश्विक मानचित्र पर मध्य प्रदेश की नई पहचान बनेगा और इससे दुनिया मध्य प्रदेश के प्राकृतिक सौंदर्य से परिचित होगी। इसके शुरू होने से यहां अब पर्यटन और रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में केन–वेतवा नदी लिंक राष्ट्रीय परियोजना का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 दिसंबर को करेगें।

**बाइट– डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री**

इसके अलावा यहां मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जन कल्याण पर्व पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान लगभग 352 करोड़ के लागत की 62 विकास योजनाओं को भूमिपूजन और लोकार्पण किया । वहीं मऊगंज में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने 5 हजार 41 करोड़ की सीतापुर–हनुमना लिफ्ट इरिगेशन परियोजना का शिलान्यास किया। इस परियोजना से मऊगंज जिले के 400 से अधिक गांवों में सिंचाई की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने समारोह में 5175 करोड़ रुपए के 57 निर्माण कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

**<u>विधानसभा सत्र</u>**

प्रदेश की सोलहवीं विधानसभा का चौथा सत्र सोमवार 16 दिसंबर से शुरु होगा। जो 20 दिसंबर तक चलेगा। इस 5 दिवसीय सत्र में सदन की कुल 5 बैठक होगी, जिसमें महत्वपूर्ण शासकीय कार्य संपादित किए जायेंगे। इस दौरान राज्य सरकार अनुपूरक बजट पेश करेगी। इसके अलावा सरकार द्वारा तीन से चार महत्वपूर्ण विधेयकों को भी सदन में पेश किये जाने की संभावना है। वहीं गैर सरकारी विधेयकों और संकल्पों के लिये 20 दिसम्बर का दिन निर्धारित किया गया है।

## विधेयक – एक राष्ट्र, एक चुनाव

एक राष्ट्र एक चुनाव से संबंधित दो विधेयकों को सोमवार को लोकसभा में पेश किये जाने का कार्यक्रम है। केंद्रीय विधि मंत्री अर्जुनराम मेघवाल 129वां संविधान संशोधन विधेयक और केन्द्रशासित क्षेत्र संशोधन विधेयक लोकसभा में पेश करेंगे। एक राष्ट्र एक चुनाव का सिद्धांत दो चरणों में लागू किया जाएगा। पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ कराये जाएंगे जबकि पंचायत और नगर पालिकाओं जैसे स्थानीय निकायों के चुनाव आम चुनावों के सौ दिनों के भीतर कराये जाएंगे।

## रिज़र्व बैंक–कृषि ऋण

भारतीय रिजर्व बैंक ने बिना जमानत के कृषि ऋण की सीमा एक लाख साठ हजार से बढ़ाकर दो लाख रुपये करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय अगले वर्ष पहली जनवरी से प्रभावी होगा। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने कहा है कि इसका उद्देश्य किसानों को बेहतर वित्तीय सुविधा प्रदान करना है। इस निर्णय से किसानों पर मुद्रास्फीति और कृषि की बढ़ती लागत का प्रभाव कम होगा।

## राष्ट्रीय राजमार्ग – राजमार्ग तैनाती

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण मार्गों पर सुरक्षा उपायों और निगरानी मजबूत करने के लिए गश्ती वाहन तैनात करेगा। इन वाहनों को राजमार्ग साथी कहा जाएगा। ये गश्ती वाहन संचार और सुरक्षा के आधुनिक उपकरणों से लेस होंगे तथा यातायात बाधाओं को कम करने और सडक सुरक्षा में सुधार करने में मदद करेंगे। इन वाहनों में ए आई कैमरा भी लगें होंगे जो सडकों के गड्ढों और दरारों का पता लगा पाएंगे।

## लोक अदालत

आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में लोक अदालतों का आयोजन किया गया। इसमें मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, बैंक रिकवरी प्रकरण, सिविल प्रकरण सहित अन्य प्रकरणों का आपसी राजीनामा के आधार पर निराकरण किया गया। अशोकनगर जिला न्यायालय के जिला न्यायाधीश प्रकाश चंद आर्य ने आकाशवाणी को बताया कि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने एक फैसले में हितग्राहियों को अपनी कोर्ट फीस वापसी के और अधिक अधिकार दे दिए हैं।

**बाइट– प्रकाश चंद आर्य, जिला न्यायाधीश**

बड़वानी में भी राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकरणों का निपटारा किया गया। नगर निगम, भोपाल के सभी जोन एवं वार्ड कार्यालयों में नेशनल लोक अदालत शिविरों का आयोजन किया गया। राज्य के अन्य जिलों से भी लोक अदालत के आयोजन किये जाने के समाचार मिले हैं।

**उपराष्ट्रपति–मध्यप्रदेश दौरा**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल रविवार को प्रदेश के ग्वालियर में दो दिवसीय दौरे पर आएंगे। इस दौरान उपराष्ट्रपति ग्वालियर में जीवाजी विश्वविद्यालय में भू–विज्ञान संग्रहालय का उद्घाटन और श्रीमंत जीवाजीराव सिंधिया की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे।

**उपराष्ट्रपति**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि भारतीय लोकतंत्र को अभिव्यक्ति और संवाद के संतुलन पर केन्द्रित होना चाहिए। आज नई दिल्ली में भारतीय डाक और दूरसंचार लेखा तथा वित्त सेवा के 50वें स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि लोकतंत्र केवल व्यवस्थाओं पर ही नहीं बल्कि मौलिक मूल्यों पर भी विकसित होता है।

**तानसेन समारोह**

भारतीय शास्त्रीय संगीत की अनादि परम्परा के श्रेष्ठ कला मनीषी तानसेन को श्रद्धांजलि एवं स्वरांजलि देने के लिये ग्वालियर में आज से तानसेन समारोह शुरु हो गया है। इस समारोह की सबसे बड़ी खूबी सर्वधर्म समभाव और इससे जुड़ी अक्षुण्ण परम्पराएं हैं। तानसेन शताब्दी संगीत समारोह के दौरान ऑस्कर विजेता एनीमेशन टीम कलाकार दीपंकर गोस्वामी भारतीय शास्त्रीय संगीत और उसके स्वरों को पेटिंग के रूप में जीवंत करेंगे। ग्वालियर के मोती महल में शास्त्रीय संगीत, कला साधकों और सुरों पर केन्द्रित श्री गोस्वामी की संगीतमय कलाकृतियों की प्रदर्शनी "रागरंग" एक विशेष आकर्षण होगी। कल रविवार 15 दिसंबर को दोपहर 3:30 बजे मोती महल में प्रदर्शनी का उद्घाटन होगा, जो 19 दिसम्बर तक लगेगी। प्रदर्शनी सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक दर्शकों के लिए खुली रहेंगी। इसमें सभी का प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

**समाचार संक्षेप में .....**

- शहडोल जिले में नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों को अंग्रेजी के ज्ञान में पारंगत बनाने के लिए अब ग्रुप स्टडी पर फोकस किया जाएगा। इसके लिए शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
- मुरैना में 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटलबिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया जायेगा।
- अनूपपुर के प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस में आज भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- गुना जिले की नगर परिषद चांचौड़ा–बीनागंज द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। सामूहिक विवाह सम्मेलन में अनेक जोड़े परिणय सूत्र में बंधे।
- खंडवा के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा जिला स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ।
- नीमच जिले में भी मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत 11 दिसम्बर के 26 दिसम्बर 2024 तक जनकल्याण पर्व आयोजित किया जा रहा हैं।
- शिवपुरी जिले में बढ़ती ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के समय में परिवर्तन किया है।
- देवास में छात्र–छात्राओं एवं शिक्षक–शिक्षिकाओं के लिये साइबर सुरक्षा एवं जागरूकता विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।
- सीएम हेल्पलाईन पर लम्बित शिकायतों के निराकरण हेतु आगरमालवा जिले में आज दिसम्बर से शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

-----------------------